# छत्रपति शिवाजी महाराज

[स्रोत: द हिंदू](#)

[छत्रपति शिवाजी महाराज](#) की जयंती **19 फरवरी** को विश्व स्तर पर मनाई गई, **जो** उनकी स्थायी विरासत और प्रभाव को दर्शाती है।

- **छत्रपति शिवाजी महाराज: शिवाजी महाराज का 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग, पुणे में** जन्म हुआ, वे **भोंसले वंश** के एक दूरदर्शी नेता और **मराठा साम्राज्य** के संस्थापक थे, जिन्हें **मुगल साम्राज्य का विरोध करने** और **स्वशासन हेतु प्रयास करने के लिये जाना जाता है।**
- **प्रमुख युद्ध: प्रतापगढ़ का युद्ध, पावनखिंड का युद्ध, सूरत पर कब्ज़ा, पुरंदर का युद्ध, सिंहगढ़ का युद्ध और संगमनेर का युद्ध।**
  - [वाघनख](#) **का** उपयोग शिवाजी ने वर्ष **1659 में प्रतापगढ़ के युद्ध में अफज़ल खान को मारने के लिये किया था।**
- **उपाधियाँ:** छत्रपति, शककर्ता (Shakakarta), क्षत्रिय कुलवंत, और हैन्दव धर्मोद्धारक।
- **प्रशासन: अष्टप्रधान (आठ मंत्रियों की परिषद)** के साथ केंद्रीकृत प्रशासन, जागीरदारी प्रणाली को समाप्त कर दिया गया,[रैयतवाड़ी प्रणाली को](#) लागू किया गया **और** तटीय रक्षा के लिये एक **मज़बूत नौसेना बल का निर्माण किया गया।**
- **शिवाजी अपनी नवीन गुरिल्ला युद्ध रणनीति** के लिये प्रसिद्ध हैं, जिसने बाद के शासकों को प्रभावित किया और[मराठा सैन्य परिदृश्य को आकार दिया।](#)
- **अन्य प्रमुख मराठा राजा: शिवाजी** के बाद, **संभाजी (1681–1689), राजाराम (1689–1700) और शाहू (1707–1749)** ने मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया। बाद में **पेशवा प्रशासन की शुरुआत बालाजी विश्वनाथ** (1713–1720) से हुई, जिन्होंने मराठा शासन को सुदृढ़ किया।
- **पेशवा माधवराव प्रथम (1761-1772) ने** [पानीपत के तीसरे युद्ध (1761)](#) के बाद मराठा शक्ति को पुनर्जीवित किया।




**और पढ़ें...** [छत्रपति शिवाजी महाराज](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhatrapati-shivaji-maharaj-5